卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

26 Happy Republic Day
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

சரவணபவ卐 சரவணபவ卐 சரவணபவ卐 சரவணபவ卐

♦वर्ष 26 ♦अंक 111 ♦पृष्ठ 16 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦26 जनवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

UTTARANCHAL DARPAN

# गणतंत्र दिवस पर हर तरफ देशभक्ति की धूम





देहरादून/रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखंड में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के अटूट जज्बे के साथ मनाया गया। इस वर्ष का गणतंत्र दिवस ऐतिहासिक दृष्टि से भी बेहद खास रहा, क्योंकि पूरा देश राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने का गौरवमयी उत्सव भी मना रहा है। राजधानी में परेड ग्राउण्ड में राज्यपाल ने परेड की सलामी ली। इस अवसर पर आकर्षक झांकियां प्रदर्शित की गयी। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। राज्यपाल ने विशिष्ठ सेवाओं के लिए कई पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित किया। राजधानी कार्यक्रमों की श्रृंखला मुख्यमंत्री आवास और लोकभवन में आयोजित ध्वजारोहण समारोहों के साथ शुरू हुई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री आवास पर ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इसके उपरांत उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना और मर्यादाओं के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, संविधान निर्माताओं और राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे महान संविधान के निर्माण का महापर्व है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह अवसर हमें स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों के भारत को साकार करने और अपने लक्ष्यों के प्रति नई ऊर्जा के साथ समर्पित होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आह्वान किया कि न्याय, स्वतंत्रता और समानता के संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। लोकभवन में आयोजित भव्य समारोह के दौरान सुबह 9:30 बजे राज्यपाल गुरमीत सिंह ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह अमृत काल हमें महान संकल्पों के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत स्टार्टअप संस्कृति, रक्षा उत्पादन, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विश्व पटल पर अपनी सशक्त पहचान बना चुका है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी मुहिमों ने देश को वैश्विक स्तर पर एक विश्वसनीय साझीदार के रूप में स्थापित किया है। राज्यपाल ने विशेष रूप से उत्तराखंड द्वारा लागू की गई समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का उल्लेख करते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माताओं के सपने को धरातल पर उतारते हुए उत्तराखंड ने यह सिद्ध कर दिया है कि सशक्त लोकतंत्र में कानून सबके लिए समान होना चाहिए। यूसीसी के माध्यम से राज्य की माताओं, बहनों और बेटियों को सुरक्षा और समानता का कानूनी कवच प्राप्त हुआ है, जिससे महिला सशक्तीकरण को नई ऊंचाइयां मिली हैं। उन्होंने तकनीक के युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल इंडिया के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के विजन का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का यह तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक है और राज्य सरकार देवभूमि को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के (शेष पृष्ठ सात पर)







## गणतंत्र के जश्न के बीच आपदा प्रभावित बेमियादी धरने पर



उत्तरकाशी (उद संवाददाता)। एक ओर जहाँ देश 77वें गणतंत्र दिवस के उल्लास में डूबा है, वहीं उत्तरकाशी के आपदा प्रभावित धराली गांव के ग्रामीणों के लिए यह दिन संघर्ष का गवाह बना। उचित मुआवजे, पुनर्वास और पुनर्निर्माण जैसी मूलभूत मांगों को लेकर धराली के ग्रामीणों ने आज से अपना अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से गुहार लगाने के बावजूद प्रशासन उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रहा है।धरना शुरू करने से पहले ग्रामीणों ने काली कमली क्षेत्र में एकत्रित होकर जुलूस प्रदर्शन किया और आगे के आंदोलन की रणनीति तैयार की। प्रभावितों का आरोप है कि आपदा में अपना सब कुछ गंवा देने के बाद भी उन्हें अब तक न्याय नहीं मिला है, जिससे वे खुले आसमान के नीचे या असुरक्षित भवनों में रहने को मजबूर हैं।ग्रामीणों के आक्रोश और धरने की सूचना मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी आनन-फानन में मौके पर पहुँचे और ग्रामीणों से वार्ता शुरू की। अधिकारियों ने ग्रामीणों को शांत करने और मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया, लेकिन ग्रामीण लिखित और ठोस कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए थे। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि जब तक पुनर्वास की प्रक्रिया धरातल पर शुरू नहीं होती, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## एसटीएफ के एमपी सिंह और रियाज 'डीजीपी मेडल' से सम्मानित





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। 77वें गणतंत्र दिवस के गौरवशाली अवसर पर उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) कुमायूँ यूनिट ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यूनिट के दो जांबाज सदस्यों को उनके विशिष्ट, साहसिक एवं सराहनीय कार्यों के लिए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मेडल से नवाजा गया है। यह सम्मान राज्य में संगठित अपराध और अपराधियों के विरुद्ध एसटीएफ की पेशेवर दक्षता और कर्तव्यनिष्ठा का प्रमाण है।एसटीएफ कुमायूँ यूनिट के प्रभारी इंस्पेक्टर एम.पी. सिंह को वर्ष 2025 के दौरान अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ चलाए गए निर्णायक अभियानों के लिए यह सम्मान मिला है। एम.पी. सिंह के नेतृत्व में एसटीएफ ने योजनाबद्ध तरीके से कुमायूँ क्षेत्र में सक्रिय बाहरी राज्यों के चार संगठित तस्कर गिरोहों के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। इस बड़ी कार्रवाई के दौरान मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और पंजाब से तस्करी कर लाए जा रहे 16 अवैध ऑटोमैटिक पिस्टल, एक राइफल और 40 कारतूस बरामद किए गए। इसे कुमायूँ एसटीएफ की अब तक की सबसे बड़ी हथियार बरामदगी माना जा रहा है, जिससे अपराध जगत की कमर टूट गई है।इसी कड़ी में यूनिट के हेड कांस्टेबल रियाज अख्तर को भी उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए डीजीपी मेडल प्रदान किया गया है। रियाज अख्तर ने पिछले (शेष पृष्ठ सात पर)

# काशीपुर में 'भाजपा का दीपक' ही जला सकता है 'भाजपा का घर'

### काशीपुर की किचकिच से निकला बीजेपी के लिए चेतावनी संदेश। कहीं भाजपा में रहकर भाजपा की जड़े तो नहीं खोद रहे बाली ?

-अर्श-





रुद्रपुर। गदरपुर के सियासी दांवपेंच पर काशीपुर में सियासी किचकिच वैसे तो बड़ी ही अजीब और बेमानी बात है, लेकिन इस किचकिच में राज्य की सत्ताधारी पार्टी बीजेपी के लिए एक चेतावनी भरे संदेश के साथ-साथ यह आशंका भी अंतर्निहित है, कि कहीं काशीपुर के मेयर दीपक बाली भाजपा में रहकर भाजपा की ही जड़े तो नहीं खोदे दे रहे । काशीपुर के महापौर की हालिया प्रेस कॉन्फ्रेंस के जवाब में भाजपा नेता गगन कंबोज ने काउंटर प्रेस कांफ्रेंस करके जो आरोप मेयर पर लगाए हैं, कुछ पल के लिए उन्हें घोर राजनीतिक मान भी लिया जाए ,तो भी इनसे कहीं ना कहीं यह संकेत तो मिलता ही है कि मेयर दीपक वाली से भाजपा कार्यकर्ताओं का एक बड़ा वर्ग पूरी तरह खुश नहीं है। इसके दो कारण हो सकते हैं ,पहला तो यह कि मेयर मूल रूप से भाजपा के नहीं है, इसलिए हो सकता है कि भाजपा का पुराना और स्वाभिमानी कार्यकर्ता उनसे जुड़ाव ना कायम कर पा रहा हो और दूसरा यह कि मेयर द्वारा अपने लोगों को प्राथमिकता देने के के चलते भाजपा के जमीनी कार्यकर्ता स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हों। यह दोनों ही स्थिति भाजपा के लिए घातक है, क्योंकि भाजपा का जमीनी कार्यकर्ता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और प्राया: हर चुनाव में वह भाजपा की जीत में निर्णायक भूमिका का निर्वाह करता है। ऐसे में मेयर दीपक बाली द्वारा भाजपा के पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा भारतीय जनता पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में भारी पड़ सकती है और अगर भाजपा संगठन ने समय रहते इस तरफ ध्यान नहीं दिया तो आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा का दीपक ही भाजपा का घर जलाने वाला साबित हो सकता है। देखा जाए तो काशीपुर मेयर दीपक बाली के साल भर के कार्यकाल में धरातल ऐसी कोई उपलब्धि नहीं नजर आती जिसमें भारतीय जनता पार्टी के सुशासन की झलक थोड़ी भी दिख पड़ती हो। पूरे नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बदहाल है। कई वार्डो में नालिया टूटी हुई है, जिससे नाली का पानी सड़कों पर जमा रहता है। साल भर की अवधि में नगर निगम पौराणिक काशीपुर की तंग गलियों तक नहीं पहुंच पाया है। गलियों की सड़क तो दुर्दशा की दास्तान बयां करती ही है ,साथ ही मुख्य मार्ग की सड़क भी जगह-जगह उखड़ी पड़ी है। काशीपुर में रिहायशी इलाकों में झूलते बिजली के तारों (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखण्ड विशिष्ट फिल्म हब के रूप में विकसित होगा : धामी

## सीएम ने "आवाज सुनो पहाड़ों की फिल्म फेस्टिवल 2026" में प्रतिभाग किया

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने "आवाज सुनो पहाड़ों की फिल्म फेस्टिवल 2026" में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र के प्रेक्षागृह के सौंदर्यीकरण की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने "श्रद्धा सम्मान" पुस्तिका का विमोचन किया और "आवाज सुनो





पहाड़ों की सीजन 2" लॉन्च किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शारदा स्वर संगम फिल्म प्रोडक्शन हाउस द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम केवल एक फिल्म फेस्टिवल नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड को वैश्विक फिल्म निर्माण के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त पहल है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से राज्य की समृद्ध संस्कृति, खान-पान और प्राकृतिक सौंदर्य का व्यापक प्रचार-प्रसार होता है। साथ ही स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी लोक-संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करने तथा आधुनिक परिवेश को समझने का अवसर भी प्राप्त होता है। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए शारदा स्वर संगम फिल्म प्रोडक्शन हाउस की पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं।मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ उत्तराखण्ड की लोक-संस्कृति को आधुनिक पहचान देने में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि समाज को जागरूक करने का एक सशक्त साधन भी है। समाज की सच्चाइयों को सिनेमा ने हर दौर में प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया है, चाहे वह छुआछूत, दहेज प्रथा, भ्रष्टाचार, अन्याय, प्रतिभा पलायन या सामाजिक कुरीतियां रही हों।उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड ईश्वर द्वारा प्रदत्त प्रकृति की अनमोल धरोहरों से समृद्ध है। यहां के पर्वत, नदियां, झरने, मौसम और संस्कृति फिल्मकारों को आकर्षित करते हैं। नैनीताल, मसूरी, औली, चकराता, मुन्स्यारी, कौसानी और चोपता जैसे अनेक स्थल देश-विदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों से भी बेहतर हैं। साथ ही चारधाम, हरिद्वार, ऋषिकेश, कैंची धाम, हेमकुंट साहिब और रीठा साहिब जैसे दिव्य स्थल भी फिल्म निर्माताओं के लिए विशेष आकर्षण हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा केदारनाथ की धरती से दिए गए "21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा" के संकल्प को साकार करने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य उत्तराखण्ड को एक विशिष्ट फिल्म हब के रूप में विकसित करना है, जिससे युवाओं को रोजगार और संस्कृति को वैश्विक पहचान मिल सके। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने फिल्म शूटिंग को प्रोत्साहन देने के लिए नई फिल्म नीति लागू की है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड में फिल्माई गई हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों को 3 करोड़ तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। वहीं कुमाऊंनी, गढ़वाली और जौनसारी फिल्मों के लिए सब्सिडी बढ़ाकर 2 करोड़ की गई है। वेब सीरीज और विदेशी फिल्मों को भी सब्सिडी के दायरे में शामिल किया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि फिल्म शूटिंग की अनुमति अब ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध है। सिंगल विंडो सिस्टम के तहत 7 दिनों के भीतर शूटिंग की अनुमति दी जाती है और प्रदेश में किसी प्रकार का शूटिंग शुल्क नहीं लिया जाता। क्षेत्रीय फिल्मों को सप्ताह में कम से कम एक बार स्थानीय सिनेमाघरों में दिखाना अनिवार्य किया गया है। शूटिंग के दौरान सुरक्षा के लिए न्यूनतम पांच पुलिसकर्मियों की व्यवस्था तथा जीएमवीएन और केएमवीएन गेस्ट हाउसों में विशेष छूट भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड का अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म "वीडियोज अलार्म" है, जिसके माध्यम से गढ़वाली, कुमाऊंनी और जौनसारी संस्कृति की खुशबू 18 से अधिक देशों तक पहुंच रही है। सरकार 3Ts, Talent Technology और Training के इकोसिस्टम पर भी कार्य कर रही है ताकि युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिल्म शूटिंग से केवल सिनेमा जगत को ही नहीं, बल्कि स्थानीय होटल व्यवसायियों, टैक्सी चालकों, गाइडों, लाइन प्रोड्यूसरों और स्थानीय कलाकारों को भी रोजगार मिलता है। उन्होंने फिल्मकारों को उत्तराखण्ड में फिल्म और वेब सीरीज की शूटिंग के लिए आमंत्रित करते हुए सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग, सुरक्षा और सुविधा का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में राज्य में फिल्म सिटी, फिल्म संस्थान, शूटिंग स्टूडियो, पोस्ट- प्रोडक्शन हाउस और सिनेमा हॉल विकसित किए जाएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह फिल्म फेस्टिवल युवाओं के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोलेगा और उत्तराखण्ड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के "विकल्प रहित संकल्प" को मजबूती प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल राज्य की संस्कृति को समृद्ध करते हैं, बल्कि पहाड़ी पहचान और सामूहिक गौरव को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर विधायक श्री उमेश शर्मा 'काऊ', प्रसिद्ध अभिनेत्री श्रीमती हिमानी शिवपुरी, सचिव संस्कृति श्री युगल किशोर पंत, कार्यक्रम आयोजक श्री नरेन्द्र रौथाण, संस्कृति विभाग के अधिकारी तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# रुद्रपुर नगर निगम ने पेश की मिसाल, 'जीरो वेस्ट' थीम पर मनाया गणतंत्र दिवस

## दस सर्वश्रेष्ठ पर्यावरण मित्रों को महापौर ने किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम रुद्रपुर द्वारा 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर एक अनूठी और पर्यावरण-संवेदनशील पहल करते हुए "जीरो वेस्ट इवेंट" का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से निगम ने न केवल देशभक्ति का संदेश दिया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महापौर विकास शर्मा, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल सहित समस्त वार्ड पार्षद, स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर, निगम अधिकारी और बड़ी संख्या में पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता इसकी 'शून्य अपशिष्ट' अवधारणा रही। कार्यक्रम स्थल को पूरी तरह प्लास्टिक-मुक्त रखा गया और सजावट के लिए केवल प्राकृतिक फूलों का उपयोग किया गया। कचरे के निस्तारण के लिए आयोजन स्थल पर ट्विन बिन (गीला और सूखा कचरा) की समुचित व्यवस्था की गई थी। साथ ही, कार्यक्रम




के दौरान उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट के पृथक संग्रहण एवं परिवहन हेतु अलग-अलग कम्पार्टमेंट वाले विशेष कचरा वाहनों की तैनाती की गई थी, ताकि कचरे को स्रोत पर ही अलग कर उसका सही प्रबंधन किया जा सके। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने जनता को संबोधित करते हुए अपने विजन को विस्तार से साझा किया। उन्होंने कहा कि हमारा एकमात्र लक्ष्य रुद्रपुर को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत देश का नंबर-1 और एक आदर्श शहर बनाना है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में रुद्रपुर विकास और स्वच्छता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। महापौर ने जोर देकर कहा कि 'जीरो वेस्ट' केवल एक आयोजन की थीम नहीं बल्कि एक जीवनशैली होनी चाहिए। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि जिस तरह हम अपने घर को साफ रखते हैं, उसी तरह शहर को अपना घर मानकर उसे स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी उठाएं। उन्होंने कहा कि नगर निगम के संसाधनों और प्रयासों को तभी पूर्ण सफलता मिलेगी जब इसमें प्रत्येक नगरवासी की सक्रिय भागीदारी और जागरूकता सुनिश्चित होगी। वहीं नगर आयुक्त शिप्रा जोशी ने मौलिक कर्तव्यों का स्मरण कराते हुए कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण हमारी बुनियादी जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों पर ही कचरे का पृथक्करण शुरू करें, ताकि शहर को गंदगी मुक्त बनाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देने वाले 10 सर्वश्रेष्ठ पर्यावरण मित्रों को महापौर और नगर आयुक्त द्वारा सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। यह पहल पर्यावरण मित्रों के मनोबल को बढ़ाने और उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने के उद्देश्य से की गई। इस मौके पर एसबीएम विशेषज्ञ मयंक कुमार ने जीरो वेस्ट इवेंट की तकनीकी बारीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जब कचरा अपने निर्धारित बिन में डाला जाता है, तो वह केवल अपशिष्ट न रहकर प्रसंस्करण के बाद एक उपयोगी संसाधन बन जाता है, जिससे अर्थव्यवस्था और पर्यावरण दोनों को लाभ होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भविष्य के सभी निजी और सार्वजनिक आयोजनों को 'जीरो वेस्ट' के रूप में आयोजित करने तथा घरों में ट्विन बिन का उपयोग करने की सामूहिक शपथ ली।

# पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने स्कूलों में किया ध्वजारोहण

रुद्रपुर । 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने ट्रांजिट कैंप और शिवनगर क्षेत्र के विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने ट्रांजिट कैंप सौरभ नगर स्थित केशव विद्या मंदिर और शिवनगर स्थित जय हिंद पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान दोनों ही विद्यालयों में छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर बच्चों और क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारे गौरवशाली संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति संकल्प दोहराने का दिन है। उन्होंने विद्यार्थियों को





प्रेरित करते हुए कहा कि आज के बच्चे ही कल के भारत का भविष्य हैं और उन्हें शिक्षित होकर एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। ठुकराल ने जोर देकर कहा कि हमें उन महान क्रांतिकारियों और बलिदानियों को कभी नहीं भूलना चाहिए, जिनकी बदौलत आज हम एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र में सांस ले रहे हैं। उन्होंने समाज से अपील की कि वे अपने बच्चों को संस्कारों और नैतिकता की शिक्षा दें, ताकि वे समाज के जिम्मेदार नागरिक बन सकें। केशव विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी ने की। कार्यक्रम में कमल प्रसाद, सुलेखा साह, अभिषेक, मंजुला, रजनी, रीना देवी, रंजीता साना, सविता दत्त, जयंत सरकार, मोन राय, शीला राय, ब्रजेन मण्डल, संजय सरकार, राजकुमार गुप्ता, सुखवंत सिंह विर्क, बंटी मक्कड़ और रामकुमार गुप्ता सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। वहीं, शिवनगर के जय हिंद पब्लिक स्कूल में भी गणतंत्र दिवस का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहाँ प्रधानाचार्य इन्द्रजीत गुप्ता, सुखवंत विर्क, रामकुमार गुप्ता, ब्रजेन मण्डल, बंटी मक्कड़, शिव कुमार शिब्बू, शिल्पी गुप्ता, अखिलेश, सावित्री, अंकित, किरन, श्यामली, सुनैना, वर्षा, कविता, कमला और प्रिया सहित समस्त स्टाफ एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।




# भाजपा जिला कार्यालय में जोशी ने किया ध्वजारोहण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में देशभक्ति और भारी उत्साह के बीच ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान पूरा कार्यालय परिसर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से गुंजायमान रहा।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान की शक्ति और लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज हम उन महान बलिदानियों के ऋणी हैं, जिन्होंने हमें एक सशक्त लोकतांत्रिक ढांचा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज 'आत्मनिर्भर' और 'विकसित' होने की राह पर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे मिशन 2047 के संकल्प को सिद्ध करने के लिए पूरी निष्ठा से राष्ट्रसेवा में जुट जाएं।भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों का बोध भी कराता है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा ने केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि आज विश्व पटल पर भारत एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरा है और जन-जन तक योजनाओं का लाभ पहुँच रहा है। महापौर विकास शर्मा ने नगर के विकास में जनसहयोग और पारदर्शिता को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री तरुण दत्ता, जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा नेत्रपाल मौर्य, अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष फरजाना बेगम, पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना, पूर्व मेयर रामपाल, अनिल चौहान, जिला मंत्री प्रमोद मित्तल, जिला मंत्री अक्षय अरोरा, जिला कोषाध्यक्ष रोशन अरोरा, कार्यालय मंत्री मोर सिंह, सुरेंद्र चौधरी, जिला मीडिया संयोजक विजय तोमर, सोशल मीडिया संयोजक अक्षय गहलोत, मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, प्रीति धीर, स्वाति शर्मा, पिंकी डिमरी, ममता त्रिपाठी, साधना शर्मा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# तीन विशाल अजगर और कोबरा रेस्क्यू

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर वन प्रभाग की तराई पश्चिमी रेंज के अंतर्गत बाजपुर और टांडा क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बनी दहशत का अंत हो गया है। वन विभाग की त्वरित कार्रवाई और अनुभवी स्नेक कैचर तालिब हुसैन की कुशलता से तीन भारी-भरकम अजगरों और एक जहरीले कोबरा को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। इन सांपों की आबादी क्षेत्र में मौजूदगी से ग्रामीणों में भारी डर का माहौल बना हुआ था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचे स्नेक कैचर तालिब हुसैन ने अपनी टीम के साथ जोखिम भरे ऑपरेशन को अंजाम दिया। पकड़े गए तीनों अजगर काफी विशालकाय हैं, जिनमें से सबसे बड़े अजगर का वजन लगभग 45 से 50 किलोग्राम के बीच है, जबकि अन्य दो का वजन 35 से 40 किलोग्राम बताया जा रहा है।



इसी क्षेत्र से एक अत्यंत विषैला कोबरा भी पकड़ा गया है, जो किसी बड़ी अनहोनी का कारण बन सकता था। तालिब हुसैन ने बताया कि समय रहते सूचना मिलने से सांपों और इंसानों, दोनों को सुरक्षित बचा लिया गया है। तराई पश्चिमी वन क्षेत्र के अधिकारियों के अनुसार, इन सभी वन्यजीवों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद उन्हें मानवीय आबादी से दूर घने जंगलों में उनके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया गया है। वन विभाग ने जनता से अपील की है कि वन्यजीवों के आबादी क्षेत्र में आने पर उन्हें खुद पकड़ने या मारने की कोशिश न करें, बल्कि तत्काल विभाग को सूचित करें।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस, प्रतिभाएं हुईं सम्मानित

गदरपुर (उद संवाददाता)। 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर में हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजनी कुमार ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी और उपस्थित स्टाफ व नागरिकों को देशभक्ति की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में डॉ. अंजनी कुमार ने सभी कर्मचारियों और आमजन से अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने और देश के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने सामाजिक जागरूकता पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कार्य के साथ-साथ परिवार को भी पर्याप्त समय देना चाहिए ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके।इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहित किया गया। डॉ. अंजनी कुमार ने विभिन्न विद्यालयों के पांच शिक्षकों और लगभग आठ छात्र-छात्राओं को उनकी विशिष्ट प्रतिभा और सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया। उत्सव के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए स्वास्थ्य केंद्र परिसर में विशेष साफ-सफाई अभियान भी चलाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया गया और स्वच्छता बनाए रखने तथा गंदगी न फैलाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के प्रति सभी को प्रतिबद्ध रहने की अपील की। गणतंत्र दिवस का यह भव्य आयोजन अनुशासन, उत्साह और सामाजिक संदेशों के साथ संपन्न हुआ।



# एक मार्च को मनेगा भव्य होली मिलन समारोह

गदरपुर (उद संवाददाता)। रविवार को एस एस पब्लिक स्कूल के परिसर में पूर्वांचल सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। डी पी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस सभा का मुख्य एजेंडा आगामी 1 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह की रूपरेखा तैयार करना रहा। बैठक में निर्णय लिया गया कि एस एस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में ही इस भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। सभा के दौरान वक्ताओं ने इस संदेश को पूर्वांचल समाज के समस्त जन-जन तक पहुँचाने और कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि होली मिलन समारोह को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोगों को एकत्रित किया जाएगा। सभा का कुशल संचालन रामविलास, उमाशंकर और बृजेश दुबे ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कमलाकर तिवारी ने सभा का लेखा-जोखा और सदन की पिछली कार्यवाही पढ़कर सुनाई, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। इस अवसर पर समाज की एकजुटता पर बल देते हुए आगामी उत्सव को पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सूर्यभान गुप्ता, गुलाब राम गुप्ता, सुखदेव प्रसाद, रंजीत, मनीष, दिनेश, मुद्रिका, लल्लन, अभिमन्यु, विनोद, हरेराम, भगवानदास और अजय सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।



# बेहड़ ने 45 भूतपूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

किच्छा (उद संवाददाता)। 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में भूतपूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष और पूर्व सूबेदार मेजर लाल सिंह कोरंगा ने ध्वजारोहण किया, जिसके उपरांत उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया। इस अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने पूर्व सूबेदार मेजर लाल सिंह कोरंगा का बुके भेंट कर और शॉल ओढ़ाकर विशेष अभिनंदन किया। विधायक तिलक राज बेहड़ ने राष्ट्र सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले 45 भूतपूर्व सैनिकों को माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में उमेश चंद तिवारी, केशव गहलोत, लक्ष्मण कश्यप, भास्कर पांडे, वेद सिमरन, नरेश जोशी, गणेश दत्त जोशी, कल्याण सिंह, महेन्द्र जोशी, दिवान सिंह बिष्ट, कुंवर सिंह, परशुराम दुम्का, देवेंद्र सिंह कोरंगा, लाल सिंह कोरंगा, कल्याण सिंह कोरंगा, रमेश चंद्र जोशी, प्रकाश सिंह जोशी, जमान सिंह बिष्ट, हरीश चंद्र उपाध्याय, बी.एस. कोरंगा, आर.डी. भट्ट, एन.एस. भण्डारी, पी.सी. चौधरी, जैकॉप सिंह नेगी, कमलेश जोशी, गोमेश सिंह, रूप सिंह, भैरव दत्त भट्ट, अमित कुमार, शिव राज सिंह, हरवांश सिंह, गुरमीत सिंह, चन्दन कोरंगा, विक्रम सिंह और दानचंद सिंह कोरंगा प्रमुख रूप से शामिल रहे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि हमारे भूतपूर्व सैनिक देश की शान और गौरव हैं। उन्होंने कहा कि इन वीरों ने अपने जीवन का अमूल्य समय राष्ट्र की रक्षा में समर्पित किया है, इसलिए ऐसे वीर सैनिकों का सम्मान करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की आजादी और संविधान की गरिमा इन्हीं के बलिदान और त्याग की बदौलत सुरक्षित है। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, राजेश प्रताप सिंह, गुरदास कालड़ा, दानिश मलिक, ओमप्रकाश दुआ, विनोद कोरंगा, बिशन सिंह कोरंगा, प्रेम आर्य, जीवन जोशी, राजेंद्र शर्मा, दलीप सिंह बिष्ट, गुरचरण सिंह, हरभजन सिंह, नजाकत खान, लियाकत अली, शाहनवाज शान, सुनीता कश्यप, कलावती, सुधा जोशी, प्रेमा भट्ट, सोनी और रेखा समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# दहेज के लिए विवाहिता पर अत्याचार पांच लोगों की खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

गदरपुर। क्षेत्र में महिला अपराध का एक गंभीर मामला सामने आया है। एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न, मारपीट और जबरन गर्भपात कराने के प्रयास जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की तहरीर पर गदरपुर कोतवाली जनवरी माह में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।पीड़िता के अनुसार उसका विवाह 14 जून 2024 को हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुआ था। विवाह के समय मायके पक्ष ने अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन विवाह के कुछ समय बाद ही सास, ससुर, पति और ननद द्वारा मोटरसाइकिल व सोने की चेन की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा।आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पीड़िता के साथ गाली-गलौज, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग और मारपीट की गई। गर्भावस्था के दौरान उस पर जबरन गर्भपात कराने का दबाव बनाया गया। ससुराल में हुई घटना में पीड़िता की रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई, जिसके चलते ऑपरेशन कर उसमें रॉड डाली गई।पीड़िता का कहना है कि ससुराल पक्ष ने उसे योजनाबद्ध तरीके से घर से निकाल दिया, जिसके बाद परिजनों ने उसका इलाज कराया। बाद में उसने एक पुत्री को जन्म दिया, जिसका पूरा खर्च मायके पक्ष ने उठाया।पुलिस का कहना है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर गदरपुर कोतवाली में आशा पत्नी राजकुमार,राजकुमार,प्राप्ति पुत्री राजकुमार,अमन पुत्र राजकुमार,कीर्ति हुड़िया पत्नी नितिन हुड़िया के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2),352,85,4,3, के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# तहसील कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

गदरपुर। तहसील परिसर में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ऋचा सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया गया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी ऋचा सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान की ताकत और लोकतांत्रिक मूल्यों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि संविधान ने प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार दिए हैं और हम सभी का कर्तव्य है कि देश की एकता, अखंडता और विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से ईमानदारी व निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। तहसीलदार लीना चंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि आत्मचिंतन का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है कि आम जनता को पारदर्शी और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने सभी कर्मचारियों से जनता के प्रति संवेदनशील रहते हुए कार्य करने की अपील की।इस अवसर पर तहसील के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।



# वरिष्ठ नागरिकों से कराया ध्वजारोहण

गदरपुर। गणतंत्र दिवस के अवसर पर गदरपुर व्यापार मंडल ने एक बार फिर अपने अनोखे और सराहनीय प्रयास से लोगों का दिल जीत लिया। नैनीताल बैंक के सामने आयोजित समारोह में इस बार वरिष्ठ नागरिकों से ध्वजारोहण कराया गया, जो हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी ही उत्साहपूर्ण और भावपूर्ण रहा। व्यापार मंडल की यह पहल पिछले सालों की तरह इस वर्ष भी लोगों में सम्मान और राष्ट्रीय भावना को बढ़ाने का संदेश देती है। इससे पहले स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर मंडल ने महिलाओं से ध्वजारोहण करवा कर समाज में एक नई मिसाल कायम की थी। इन गतिविधियों के माध्यम से व्यापार मंडल न केवल राष्ट्रीय पर्वों का महत्व बढ़ा रहा है, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को सम्मान देने का संदेश भी दे रहा है। महामंत्री संदीप चावला ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां न सिर्फ समाज में भाईचारा बढ़ाती हैं, बल्कि शहर में एक सकारात्मक संदेश भी जाती हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल समय-समय पर इस तरह के नवाचारों के जरिए समाज के हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास करता रहेगा। कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा ने कहा कि व्यापार मंडल की यह परंपरा आगे भी जारी रहेगी और आने वाले वर्षों में और भी नई पहल की जाएंगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज में देशभक्ति का संदेश फैलाएं।इस तरह गदरपुर व्यापार मंडल ने पुन: यह साबित किया कि स्थानीय संगठन केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं रहते, बल्कि समाज में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव लाने में भी अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं।

Holy Child School
27th year in Pursuit of Excellence
[Affiliated to C.B.S.E. (10+2) Delhi]
ADMISSION OPEN 2026-27
PRE-NURSERY TO CLASS 9th & 11th (Humanities, Science & Commerce)
SEPARATE A.C. HOSTEL FACILITIES FOR BOYS & GIRLS
TRANSPORT FACILITIES AVAILABLE FOR ALL ROUTES
Excellent Board Result
H.C.S. SPORTS ACADEMY
Powered by:
SPORTSTER, MUMBAI
CRICKET BADMINTON VOLLEYBALL
EXTRA CURRICULAR ACTIVITIES
ROBOTICS ART & CRAFT SWIMMING MUSIC | DANCE
OUR KINDERGARTEN WING (AIR CONDITIONED)
ACTUAL IMAGE OF CLASS ROOMS
PRE-NURSERY NURSERY LKG UKG
INTRODUCED TOY TRAIN FIRST TIME IN THE AREA
NH-87, Bharatpur, Bilaspur, Distt.-Rampur, (U.P.) www.holychildschool.org hcsrudrapur holy_childschool
MOB.+91 7900855544,+919219413613


26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
ले ज गुरमीत सिंह
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड
गणतंत्र दिवस
के अवसर पर
ले ज गुरमीत सिंह
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड
का
दूरदर्शन एवं आकाशवाणी से
प्रदेश की जनता के नाम सन्देश
दिनांक : 26 जनवरी, 2026
दूरदर्शन उत्तराखण्ड
प्रसारण समय - प्रातः 8:30 बजे
पुनः प्रसारण - 3:30 बजे अपराह्न
रात्रि 8:00 बजे डी. डी. उत्तराखण्ड पर
आकाशवाणी के देहरादून, पौड़ी एवं अल्मोड़ा केन्द्र
समयः प्रातः 9:00 बजे
100.5 Mhz fm band
सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।

# बाबा दीप सिंह के जन्मदिन पर निकली विशाल पैदल शोभा यात्रा

गदरपुर( उद संवाददाता)। सिख धर्म के महान जरनैल और मिसल शहीदां के प्रमुख संस्थापक शहीद बाबा दीप सिंह के पावन जन्मदिन के उपलक्ष में गुरुद्वारा माता गुजरी जी आदर्श कॉलोनी रुद्रपुर से प्रदेश में पहुंची जहां गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार बाबा अनूप सिंह के निर्देश पर सेवादार भाई गुरमीत सिंह ने सभी मुख्य सेवादारों एवं प्रभात फेरी आयोजकों को सिरोपा भेंट कर बाबा दीप सिंह जी गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह पछियापुर में प्रभात फेरी का समापन किया गया। इस दौरान संगत द्वारा गुरबाणी शब्द कीर्तन करके माहौल को भक्ति मय बनाया गया । वहीं बाबा दीप सिंह गतका अखाड़ा



अरदास करने के उपरांत पैदल मार्च करते हुए एक विशाल प्रभात फेरी/शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।शोभा यात्रा रुद्रपुर से चलकर ग्रीन पार्क, दानपुर, जाफरपुर, धौलपुर, महेशपुर,गु.गुरु नानक दरबार महतोष, रतनपुरी, अलखदेवा ,रतनपुरा होते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंदसर नवाबगंज जिला रामपुर उत्तर के जन्मदिन की शुभ कामनाएं प्रदान की। बाबा दीप सिंह सेवा ट्रस्ट के आयोजकों ने बताया कि संगत के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाते हुए गुरुद्वारा माता गुजरी जी आदर्श कॉलोनी रुद्रपुर से पैदल यात्रा की यह चौथी पैदल यात्रा है जो कि रुद्रपुर से महतोष हुए गु. श्री गुरु हरगोबिंदसर नवाबगंज पहुंची तत्पश्चात रुद्रपुर के सदस्यों द्वारा गतके के जौहर दिखाते हुए तलवारबाजी नेजा बाजी सहित अन्य हैरत अंगेज करतब दिखाए । वही संगत ने भी एक दूसरे को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बाबा दीप सिंह जी का जन्मदिन मनाया । मार्ग में जगह-जगह पर विभिन्न प्रकार के प्रसादसेवा करके संगत ने पुण्य कमाया।


आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
फकीर सिंह कन्याल
jkT; vkanksyudkjh
dU;ky dLVD'ku ,M Moyi l]
महाराणा प्रताप चौक,सितारगंज
रजिस्ट्रीशुदा प्लाट खरीदे व बेचे जाते हैं।
कुनाल पैकेजिंग
सिडकुल रोड बमनपुरी सितारगंज
सभी प्रकार के उत्तम गुणवत्तायुक्त कोरोनाटेड बॉक्स के निर्माता

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आनंद सिंह नेगी
vfèk'kklh vfHk;ark
सिंचाई खंड सितारगंज
जनपद–उधम सिंह नगर


सत्यमेव जयते

विकास के नये अध्याय
की ओर अग्रसर
देवभूमि उत्तराखण्ड

संकल्प से शिखर तक



आप सभी को
# गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ




ले ज गुरमीत सिंह
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

## संदेश

प्रिय प्रदेशवासियों,

गणतंत्र दिवस की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

इस गौरवशाली अवसर पर मैं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी तथा संविधान निर्माताओं को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ। साथ ही, राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा हेतु अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। मैं सशस्त्र बलों एवं समस्त सुरक्षा एजेंसियों के वीर जवानों को भी नमन करता हूँ, जो दिन–रात देश की सुरक्षा में तत्पर हैं।

यह वर्ष हमारे लिए विशेष महत्व रखता है। एक ओर हम अपने महान लोकतंत्र का उत्सव मना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उत्तराखण्ड अपनी रजत जयंती के ऐतिहासिक पड़ाव से आगे बढ़ते हुए भविष्य के लिए नए संकल्प ले रहा है। साथ ही, इस वर्ष 'वन्दे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होना हमारी राष्ट्रीय चेतना और राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक सुदृढ़ करता है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आज विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्टार्टअप संस्कृति, रक्षा उत्पादन, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। 'मेक इन इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियानों ने भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का भरोसेमंद भागीदार बनाया है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में देश आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

भारत की इस विकास यात्रा में देवभूमि उत्तराखण्ड भी पूरे सामर्थ्य से सहभागी बन रहा है। सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटी, डिजिटल सेवाओं, पर्यटन और निवेश के क्षेत्र में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। चारधाम ऑल वेदर रोड, ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना, शीतकालीन तीर्थाटन, बारहमासी पर्यटन और उत्तराखण्ड को वैश्विक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' जैसे प्रयासों से राज्य के जैविक उत्पादों और हस्तशिल्प को वैश्विक पहचान मिल रही है।

उत्तराखण्ड की मातृशक्ति और हमारी बेटियाँ प्रदेश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। शिक्षा, सेना, खेल, उद्यमिता और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से वे राज्य की आर्थिक और सामाजिक प्रगति का नेतृत्व कर रही हैं। 'लखपति दीदी' जैसी पहल महिला सशक्तीकरण को नई दिशा दे रही है। मुझे विश्वास है कि उत्तराखण्ड की नारी शक्ति आने वाले समय में प्रदेश को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी। हमारे युवा उत्तराखण्ड का भविष्य हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल कौशल, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को अपनाकर वे राज्य को विकास के नए आयाम दे सकते हैं। तकनीक को साधन बनाकर प्रशासनिक पारदर्शिता, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाए जा रहे हैं। एआई और डेटा आधारित निर्णय प्रणाली हमें बेहतर योजना बनाने में सहायता कर रही है। क्वांटम जैसी उन्नत तकनीकों पर आज चर्चा करना, कल की तैयारी है। नशामुक्त उत्तराखण्ड का संकल्प हमारी युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की नींव है, जिसे हम सभी को मिलकर साकार करना होगा।

हम एक ऐसे कालखंड में खड़े हैं, जहाँ भारत केवल अतीत की उपलब्धियों पर गर्व नहीं कर रहा, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारी भी अपने कंधों पर ले रहा है। हमने वर्ष 2047 में आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने तक विकसित भारत का स्वप्न देखा है। यह हमारे लिए केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प है। विकसित भारत @2047 का सपना तभी साकार होगा, जब विकास का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि समावेशी, संतुलित और सतत विकास होगा। उत्तराखण्ड इस राष्ट्रीय यात्रा में एक विशेष भूमिका निभा रहा है।

आज के इस अवसर पर आइए, हम सभी संविधान में निहित अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए, एकजुटता, समर्पण और राष्ट्रप्रेम के साथ विकसित उत्तराखण्ड और विकसित भारत @2047 के लक्ष्य को साकार करने का संकल्प लें।

एक बार पुन: आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

जय हिन्द!
जय उत्तराखण्ड!

ले ज गुरमीत सिंह
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी। www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में जनसेवा कैंपों का रिकॉर्ड

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल एवं संवेदनशील नेतृत्व में प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने के उद्देश्य से निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 7 जनसेवा कैंपों का आयोजन किया गया, जिनमें 11,738 नागरिकों ने प्रतिभाग कर सरकार की योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त किया।प्रदेश सरकार द्वारा अब तक आयोजित किए गए इन कैंपों की अद्यावधि कुल संख्या 459 हो चुकी है, जिनमें कुल 3,68,730 नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। यह आंकड़े मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिसके तहत सरकार स्वयं जनता के द्वार तक पहुँचकर समस्याओं के समाधान और योजनाओं के लाभ प्रदान कर रही है।इन जनसेवा कैंपों के माध्यम से आमजन को विभिन्न विभागों की योजनाओं, सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे समय, श्रम और संसाधनों की बचत हो रही है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का स्पष्ट संदेश है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। प्रदेश सरकार की यह पहल न केवल प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को सुदृढ़ कर रही है, बल्कि "सरकार जनता के द्वार" की अवधारणा को भी साकार कर रही है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड निरंतर जनहित और सुशासन की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।






# सभी कामों में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी : सीएम

## पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम को आमजन और जन-जन का कार्यक्रम बनाया

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने दून लाइब्रेरी, देहरादून में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 130वें एपिसोड को सुना। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम का हर एपिसोड प्रेरणादायी होता है। समाज में सामान्य परिस्थितियों में अनवरत सेवा करने वाले लोगों को इस कार्यक्रम के माध्यम से देश दुनिया जानती है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम को आमजन और जन-जन का कार्यक्रम बनाया है। इसके माध्यम से अन्य लोग भी प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के अंदर कई नवाचार हो रहे हैं। आज Innovations Science & Technology, AI हर दृष्टि से भारत आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने एआई के बढ़ते प्रभाव पर बोलते हुए कहा कि आगामी समय में सभी कामों में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। जो काम कई दिनों में होता है वह महज कुछ ही घंटे में हो जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य के अंदर एआई के उपयोग हेतु संबंधित विभाग कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से राज्य सरकार ने अनेक ऐसे निर्णय लिए हैं जो राज्य में पहली पहली बार हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश के अंदर हमारे राज्य की तस्वीर ऐसे स्थापित हो गई है कि जहां पर अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 27 जनवरी को UCC लागू किए हुए एक साल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा राज्य एक सीमावर्ती क्षेत्र है। यहाँ चार धाम, गंगा, यमुना का उद्गम स्थान है। सुरक्षा की दृष्टि से भी हमारा राज्य बेहद संवेदनशील है, ऐसे में राज्य में रहने वाले सभी लोगों के लिए एक समान कानून लागू होना चाहिए था और हमने ऐसा करके दिखाया है। मुख्यमंत्री ने सभी से आग्रह किया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं राज्य स्तर पर लिए निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी आगे आएं। जिससे कि अधिक से अधिक लोग योजनाओं से लाभान्वित हो सके। इस अवसर पर विधायक श्री खजान दास, विधायक श्री सुरेश गढ़िया, मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो. गोविंद बिष्ट, दायित्वधारी रजनी रावत, श्री अनिल गोयल, श्री संजय नेगी, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



# ग्रामीणों के हित में है वीबी जी रामजी विधेयक: जोशी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राज्य के कृषि, कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण और ग्राम्य विकास विभाग मंत्री गणेश जोशी जी ने भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में षविकसित भारत - रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) नामक नए विधेयक, जिसे वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025 के नाम से भी जाना जाता है, के संबंध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान इस योजना के जरिए उत्तराखंड को क्या कुछ लाभ मिलने वाला है या फिर उत्तराखंड में किस तरह से इस संशोधित योजना का लाभ मिलेगा, इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संसद में पास किया गया नया विधेयक ''विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण)'' अर्थात वीबी-जी राम जी बिल 2025 उत्तराखंड के लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण है. उन्होंने पहले इस योजना के इतिहास को लेकर जानकारी दी कि साल 1989 में जवाहर रोजगार योजना की शुरुआत की गई थी, जिसे बाद में साल 2001 में सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना में सम्मिलित किया गया। वर्ष 2006 में इसे नरेगा और फिर 2009 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के रूप में लागू किया गया। उन्होंने बताया कि अब संशोधित करके इस योजना को और ज्यादा प्रभावशाली और ग्रामीणों के हित में बनाया गया है। गणेश जोशी जी ने पुराने और नए प्रावधानों की तुलना करते हुए बताया कि पहले 100 दिन की रोजगार गारंटी दी जाती थी, अब इसे बढ़ाकर 125 कर दिया गया है। पहले मनरेगा के तहत कुछ सीमित कार्यों को ही किया जाता था, लेकिन अब वीबी-जी राम जी बिल के तहत इन कार्यों का विस्तार किया गया है और इसमें ग्राम पंचायतों में स्थायी परिसंपत्ति निर्माण, जल से जुड़े कार्य, ग्रामीण आधारभूत ढांचे का विकास, आजीविका और खेती संबंधी कार्यों को भी सम्मिलित किया गया है। गणेश जोशी ने बताया कि इस योजना के तहत हिमालय राज्य उत्तराखंड के आपदा संबंधित पहलुओं का विशेष रूप से ख्याल रखा गया है। केंद्र और राज्य के बीच धनराशि का अनुपात 90:10 रखा गया है. यानी की केंद्र का हिंसा 90 फीस होगा और राज्य को मात्र 10 फीसदी कंट्रीब्यूट करना पड़ेगा. यही नहीं विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य में आपदाओं के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए अब इस योजना के तहत रिटेनिंग वॉल और फॉरेस्ट फायर से संबंधित कार्यों को भी जोड़ा गया है।उन्होंने बताया कि खेती से जुड़े कार्यों के व्यस्त समय जैसे बुवाई और कटाई के दौरान राज्य सरकार साल में कुल 60 दिन ऐसे निर्धारित करेगी, जिनमें इस योजना के तहत कोई कार्य नहीं कराया जाएगा, ताकि खेती के लिए व्यवधान ना हो और योजना के लिए पर्याप्त श्रमिक मिल सकें. ताकि इस योजना की वजह से देश में कृषि कार्यों पर असर न पड़े और कृषि को भी बढ़ावा मिल सके। कैबिनेट मंत्री जोशी ने बताया कि इस योजना का लक्ष्य हैं कि साल 2047 तक एक समृद्ध और मजबूत ग्रामीण भारत के लिए सशक्तिकरण, विकास की एक मजबूत तंत्र खड़ा हो। इस योजना के तहत जल जीवन मिशन के कार्यों और उनके रिपेयर, मेंटेनेंस का भी प्रावधान किया गया है। यही नहीं योजना में नियमों का उल्लघन करने वाले व्यक्ति पर 10 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान भी रखा गया है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और अतीत में भी योजनाओं के नाम और संरचना में परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वीबी-जी राम जी योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, आजीविका संवर्धन और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री अनिल कपूर डब्बू, प्रदेश सह मिडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, जिला मिडिया प्रभारी नितिन राणा, जिला सह मिडिया प्रभारी विनोद तिवारी, जिला आईटी संयोजक अमित चौधरी उपस्तिथ थे।






# मण्डी का सही प्रयास उत्तराखण्ड का हो समग्र विकास



श्री पुष्कर सिंह धामी
मा. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



श्री गणेश जोशी
मा. कृषि मंत्री, उत्तराखण्ड



डा. अनिल कपूर 'डब्बू'
मा. अध्यक्ष
उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड

## उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड एवं मण्डी समितियों की ओर से 77वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

### सुधारात्मक कार्य :-

- उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 2011 में
- संविदा खेती
- निजी मण्डीयां
- उपज की सीधी खरीद जैसे सुधारात्मक कदम

### आधुनिकीकरण :-

- कम्प्यूटरीकृत मण्डियों
- इलैक्ट्रॉनिक धर्मकांटे व सीसीटीवी नेटवर्क
- www.ukapmb.org agmarknet.nnic.in तथा डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से बाजार भावों का प्रदर्शन
- ई-राष्ट्रीय कृषि बाजारों (ई-नाम) का स्थापना 20 मण्डियां।
- कृषकों को ई-पेमेन्ट की सुविधा
- कृषकों को pop plate form की सुविधा उपलब्ध कराना।
- कृषकों के उत्पादकों की ई-नाम लेब में गुणवत्ता जांच की सुविधा।
- कृषि प्रयोगशालाओं की स्थापना।








### विकास कार्य :-

राज्य स्थापना से वर्तमान तक

- 1415.898 कि.मी. सड़कें।
- 4111 हैण्ड पम्प
- 07 रज्जू मार्ग
- 21 संग्रह केन्द्र
- 07 कृषक- उपभोक्ता बाजार

### कल्याणकारी योजनायें :-

- कृषि छात्रों को छात्रवृत्ति
- किसानों को कृषि कार्य के दौरान दुर्घटना पर त्वरित सहायता
- कृषक उत्पादक क्षति सहायता योजना
- पर्वतीय जैविक उत्पाद हेतु मल्टी ग्रेन प्रोसेसिंग प्लान्ट (रूद्रपुर

**डा. अनिल कपूर (डब्बू)**
अध्यक्ष
उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड
रूद्रपुर (उधम सिंह नगर)


उत्तराखण्ड शासन
संकल्प से शिखर तक
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
26 जनवरी
"माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।"
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
संकल्प नये उत्तराखण्ड का
स्वतंत्र भारत के इतिहास में समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश में प्रथम राज्य बना उत्तराखण्ड।
नीति आयोग द्वारा जारी निर्यात तैयारी सूचकांक (Export Preparedness Index – EPI) 2024 में उत्तराखंड ने छोटे राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान
सेंटर का निर्माण कार्य गतिमान।
राज्य में महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण हुआ लागू। सहकारी प्रबंध समितियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित।
शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली
विकास के नये अध्याय
की ओर अग्रसर
देवभूमि
उत्तराखण्ड

- ...में उत्तराखंड ने छोटे राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान किया प्राप्त।
- बीते 4 वर्षों में 26,500 से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरी।
- उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक, 2025 को मिली मंजूरी। प्रदेश में संचालित मदरसों को अब उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण से लेनी होगी मान्यता।
- राज्य में 10 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि हुई अतिक्रमण से मुक्त।
- राज्य के इतिहास में पहली बार 1 लाख करोड़ से अधिक का बजट।
- ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में ₹ 3.56 लाख करोड़ के एम.ओ.यू. हुए साईन। इस वर्ष तक ₹ 1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश की हो चुकी ग्राउंडिंग।
- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) द्वारा जारी States' Startup Ecosystem Ranking (5वां संस्करण) में उत्तराखण्ड को मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित करने में 'लीडर' के रूप में मिली मान्यता
- राज्य आंदोलनकारियों के लिए सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण हुआ लागू।
- राज्य में सशक्त भू कानून हुआ लागू।
- राज्य में सख्त धर्मान्तरण विरोधी कानून, सख्त नकल विरोधी कानून, एवं दंगारोधी कानून हुआ लागू।
- राज्य में कुल 58 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड किए गए वितरित।
- उधम सिंह नगर के किच्छा में एम्स की सेटलाइट
- शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को ₹ 10 लाख से बढ़ाकर किया ₹50 लाख। परमवीर चक्र विजेताओं की अनुग्रह राशि ₹50 लाख से बढ़ाकर की गई डेढ़ करोड़।
- केदारनाथ पुनर्निर्माण और बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य गतिमान। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत पौराणिक मंदिर के पुनर्निर्माण का कार्य जारी।
- गौरीकुण्ड से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से हेमकुण्ड साहिब तक रोपवे निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास।
- दिल्ली देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड के बनने से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य तेज गति से गतिमान। अब तक 70 प्रतिशत कार्य हुआ पूरा।
- नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) इंडेक्स में उत्तराखंड को मिला देश में प्रथम स्थान।
- छद्म भेषधारियों के खिलाफ ऑपरेशन कालनेमि की हुई शुरुवात।
- खनन सुधारों में उत्तराखण्ड का उत्कृष्ट प्रदर्शन, देश में हासिल किया दूसरा स्थान, केंद्र सरकार ने जारी की ₹200 करोड़ की प्रोत्साहन राशि।
- उत्तराखंड ने 38वें राष्ट्रीय खेलों का किया सफल आयोजन, कुल 103 पदक जीतकर, पदक तालिका में 7वां स्थान किया हासिल।
- राज्य के स्कूलों में बच्चों के पाठ्यचर्या में शामिल होगा श्रीमद् भगवत गीता का अध्ययन
- उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये मेगा इण्डस्ट्रियल एवं इन्वेस्टमेंट नीति-2025 मंजूरी


वोकल फॉर लोकल


आदि कैलाश


हस्तशिल्प


वंदे भारत


वेडिंग डेस्टिनेशन


वाइब्रेंट विलेज

## प्रधानमंत्री जी के नौ आग्रह

**स्थानीय लोगों से:**

बोली भाषा का संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छ जल, गांव से जुड़ाव, तिबारी वाले घरों को संवारें

**पर्यटकों से :**

सिंगल यूज प्लास्टिक से बचें, वोकल फॉर लोकल, यातायात के नियम अपनाएं, तीर्थों की मर्यादा का पालन करें

## सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।

www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

@DIPR_UK #ExploreUttarakhand

# गणतंत्र दिवस संविधान निर्माण का महापर्व: धामी

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दीं

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, संविधान निर्माताओं एवं राज्य आंदोलन कारियों को नमन करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान के निर्माण का महापर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अवसर हमें स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने तथा अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा देता है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि संविधान के उद्देश्यों के अनुरूप न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के मूलभूत लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को साकार करने तथा देवभूमि उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बताया है। इस प्रेरणादायी कथन से प्रदेशवासियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सरकार का उद्देश्य है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। इसी सोच के साथ “जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार” कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनसे अब तक लाखों लोग लाभान्वित हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू कर उत्तराखण्ड ने देश के अन्य राज्यों के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। देवभूमि उत्तराखण्ड के मूल स्वरूप को बनाए रखने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए गए हैं। तीर्थयात्राओं के बेहतर प्रबंधन के साथ तीर्थाटन से जुड़ी स्तरीय अवस्थापना सुविधाओं का तेजी से विकास किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। कुमाऊँ मंडल में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने एवं आर्थिक सुदृढ़ता के उद्देश्य से शीतकालीन यात्रा की भी शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि



राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए नीतिगत सुधारों के साथ उद्योग-अनुकूल वातावरण का सृजन किया जा रहा है। निवेश नीतियों में रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई है। राज्य सरकार द्वारा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों की नीति आयोग द्वारा सराहना की गई है। नीति आयोग की निर्यात तैयारी सूचकांक में उत्तराखण्ड को छोटे राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। पिछले चार वर्षों में राज्य के विभिन्न विभागों में 27 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियाँ की जा चुकी हैं तथा रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत वर्षों में राज्य हित में अनेक महत्वपूर्ण एवं कठोर निर्णय लिए गए हैं। राज्य में देश का सबसे कठोर नकल-विरोधी कानून लागू किया गया है तथा धर्मांतरण को रोकने के लिए भी सख्त कानून बनाया गया है। प्रदेश में पहली बार अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए लगभग 10 हजार हेक्टेयर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध भी निरंतर कठोर कार्रवाई की जा रही है। सख्त भू-कानून लागू करने के साथ-साथ भूमि विवादों के त्वरित निस्तारण हेतु प्रभावी पहल की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की मातृशक्ति का सम्मान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। राज्य सरकार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि सरकार सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और जन-संतुष्टि के मूलमंत्र पर चलते हुए विकल्प-रहित संकल्प के साथ प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# शंकराचार्य के अपमान के विरोध में कांग्रेस का मौन व्रत

सितारगंज। प्रयागराज में पूज्य शंकराचार्य स्वामी जी के साथ हुए कथित अपमानजनक व्यवहार को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है। सनातन धर्म की गरिमा, परंपराओं और धर्मगुरुओं के सम्मान के समर्थन में आज सितारगंज में कांग्रेस ने एक सशक्त लेकिन शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल मोनी बाबा मंदिर परिसर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मौन व्रत रखकर उपवास एवं धरना दिया, जहां अनुशासन, श्रद्धा और एकजुटता का संदेश दिया गया। धरने के दौरान कांग्रेस के



नेताओं ने कहा कि धर्म और आस्था से जुड़े महापुरुषों का अपमान न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाता है बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी आघात करता है। कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और सरकार से ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की मांग की गई। इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष सरताज अहमद के नेतृत्व में नवतेज पाल सिंह, हरपाल सिंह, हरीश दुबे, करनजंग, उत्तमाचार्य, विभूति प्रसाद, सुमेन्दर यादव, सूर्य प्रताप सिंह, मेघनाथ, रामजीत सिंह, अखिलेश सिंह, विष्णु, कुनाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे, जिससे पूरा क्षेत्र सनातन सम्मान और लोकतांत्रिक विरोध के संदेश से गूंज उठा।

# कोश्यारी को पद्म भूषण की घोषणा पर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने जताया हर्ष

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को पद्म भूषण सम्मान से नवाजे जाने की घोषणा पर गहरा हर्ष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया जाना समस्त उत्तराखंड वासियों के लिए अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का क्षण है। उन्होंने इसे कोश्यारी के संपूर्ण सार्वजनिक जीवन, राष्ट्र सेवा और समाजहित के प्रति उनके अटूट समर्पण का यथोचित सम्मान बताया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी का संपूर्ण जीवन सादगी, सिद्धांत निष्ठा और अनुशासन की प्रतिमूर्ति रहा है। अपने दीर्घ राजनीतिक सफर में उन्होंने सदैव जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और उत्तराखंड समेत पूरे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि कोश्यारी का जीवन संघर्ष, मूल्यों की राजनीति और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक प्रेरणादायी उदाहरण है। पर्वतीय क्षेत्रों के विकास, सामाजिक समरसता को मजबूत करने और सांस्कृतिक चेतना के संरक्षण के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयास सभी के लिए प्रेरणा स्तंभ के समान हैं।पुष्कर सिंह धामी ने आगे कहा कि भगत सिंह कोश्यारी ने अपने कार्यों और दूरदर्शी विचारों से न केवल प्रदेश बल्कि पूरे राष्ट्र को एक नई दिशा देने का कार्य किया है। उनकी राष्ट्रभक्ति और अनुभव आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा मार्गदर्शक रहेंगे। मुख्यमंत्री ने समस्त प्रदेशवासियों की ओर से भगत सिंह कोश्यारी को इस गौरवशाली उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की।

# पाण्डे पर आरोप लगाने वालों के मंसूबे नहीं होंगे कामयाब: सागर

## डॉ. भीमराव अंबेडकर मंच ने पूर्व विधायक शुक्ला पर साधा निशाना

रुद्रपुर। गदरपुर विधायक और पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पाण्डेय के विरुद्ध की जा रही अनर्गल बयानबाजी पर अब दलित समाज और भाजपा कार्यकर्ताओं ने कड़ा रोष प्रकट किया है। डॉ. भीमराव अंबेडकर मंच के अध्यक्ष दीपक सागर ने एक प्रेस वार्ता के दौरान किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला पर तीखा प्रहार करते हुए उन्हें 'राज्य विरोधी' और 'अवसरवादी' करार दिया।दीपक सागर ने राजेश शुक्ला के अतीत पर प्रहार करते हुए कहा कि जो लोग आज भाजपा निष्ठावान होने का ढोंग कर रहे हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने पृथक उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान 'रक्षा समिति' बनाकर राज्य गठन का पुरजोर विरोध किया था। उन्होंने कहा कि राज्य विरोधी मानसिकता वाले ये लोग मुख्यमंत्री के नाम की ओट लेकर अधिकारियों पर दबाव बनाते हैं और जनता का उत्पीड़न करते हैं। इतना ही नहीं, दीपक सागर ने शुक्ला पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि ब्लॉक प्रमुख



चुनाव में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को हराने के लिए खुलकर पार्टी विरोधी कार्य किया, जो उनकी दोहरी मानसिकता को दर्शाता है।प्रेस वार्ता में दीपक सागर ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राजेश शुक्ला आज भी अपनी 'समाजवादी पार्टी' की विचारधारा और 'परिवारवाद' की राजनीति से उबर नहीं पाए हैं। दिनेशपुर नगर पंचायत की सीट को ओबीसी के लिए आरक्षित करवाकर उन्होंने बंगाली विरोधी मानसिकता का परिचय दिया था। धनबल के दम पर नेता बनने वाले ऐसे लोग कभी जनसेवक नहीं हो सकते।विधायक अरविंद पाण्डेय का बचाव करते हुए दीपक सागर ने कहा कि पाण्डेय ने अपना संपूर्ण जीवन संगठन को समर्पित किया है। बाल्यकाल से संघ के स्वयंसेवक और प्रचारक रहे अरविंद पाण्डेय ने गदरपुर जैसी कठिन सीट पर भाजपा का कमल खिलाकर अपनी लोकप्रियता सिद्ध की है। शिक्षा मंत्री के रूप में प्रदेश में एनसीईआरटी लागू कर उन्होंने शिक्षा जगत में जो क्रांतिकारी बदलाव किए, उसे प्रदेश कभी नहीं भूलेगा।राजेश शुक्ला द्वारा हाल ही में किए गए 'आईना प्रदर्शन' के नाटक पर पलटवार करते हुए सागर ने कहा कि जो लोग आज दूसरों को आईना दिखा रहे हैं, समय आने पर जनता उन्हें उनकी असली सूरत दिखा देगी। उन्होंने काशीपुर के मेयर दीपक बाली को भी नसीहत देते हुए कहा कि अरविंद पाण्डेय पर कीचड़ उछालने से पहले वे अपने गिरेबान में झाँक कर देखें। दीपक सागर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि डॉ. भीमराव अंबेडकर मंच अरविंद पाण्डेय के खिलाफ होने वाले हर दुष्प्रचार का करारा जवाब देगा। उन्होंने कहा कि अरविन्द पाण्डेय कार्यकर्ताओं और जनता के दिलों पर राज करते हैं और उनके खिलाफ रची जा रही कोई भी साजिश कामयाब नहीं होगी।इस अवसर पर हिम्मत राम कोली, संजीव गुप्ता, कमल दीप सोनकर, संजीव गुप्ता, रामचंद्र, राजू राजौरिया आदि मौजूद थे।

# मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि नैतिक और संवैधानिक कर्तव्य: राज्यपाल

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्यपाल ने किया उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलाधिकारियों और ईआरओ को सम्मानित

देहरादून। 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार को लोक भवन देहरादून में राज्य स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मंच पर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, सचिव निर्वाचन श्री दिलीप जावलकर, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे एवं जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल उपस्थित रहे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को मतदाता शपथ भी दिलाई। राज्यपाल ने निर्वाचन गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपद रुद्रप्रयाग, उत्तर काशी, चम्पावत और बागेश्वर के जिलाधिकारियों को सम्मानित किया। इसके साथ ही ईआरओ रुड़की, खटीमा और चकराता को प्री-एसआईआर के दौरान उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने स्टेट आईकॉन पद्मश्री बसंती बिष्ट,







ओलंपियन मनीष रावत एवं नुंगशी मलिक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर देहरादून जनपद के 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं को मतदाता पत्र देकर राज्यपाल ने सम्मानित किया। राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए सभी प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति सजग, जागरूक और सक्रिय नागरिक होते हैं। भारतीय संविधान ने प्रत्येक नागरिक को मताधिकार देकर लोकतंत्र को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है। मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक और संवैधानिक कर्तव्य है। राज्यपाल ने सभी से आह्वान किया कि प्रत्येक निर्वाचन में अनिवार्य रूप से अपने मत का प्रयोग करें और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएँ। उन्होंने कहा कि जब हर नागरिक मतदान करता है, तब भारत का लोकतंत्र और अधिक मजबूत बनता है। राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष की थीम "मेरा भारत-मेरा वोट" यह संदेश देती है कि प्रत्येक वोट देश के भविष्य को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब कोई नागरिक मतदान करता है, तो वह केवल अपने लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए निर्णय करता है। उन्होंने यह भी कहा लोकतंत्र की मजबूती नीतियों या संस्थाओं से नहीं, बल्कि नागरिकों की जागरूक भागीदारी से सुनिश्चित होती है। राज्यपाल ने भारत निर्वाचन आयोग की सराहना करते हुए कहा कि आयोग पिछले सात दशकों से निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी चुनावों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। उन्होंने निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों और सुरक्षाबलों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए बधाई दी। युवाओं और नए मतदाताओं को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने युवाओं से मतदान को केवल औपचारिकता न मानकर देश के भविष्य के निर्माण का माध्यम बनाने का आह्वान किया। उत्तराखण्ड की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद मतदान प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए राज्य की निर्वाचन मशीनरी, बीएलओ और पोलिंग पार्टियों के प्रयासों की राज्यपाल ने सराहना की। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन ने अपने सम्बोधन में मतदान की भूमिका को अहम बताया। सचिव निर्वाचन श्री दिलीप जावलकर ने अपने सम्बोधन में कहा कि सजग मतदाता से समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है। कार्यक्रम के अंत में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने माननीय राज्य पाल का आभार प्रकट करते हुए अतिथियों का धन्यवाद प्रकट किया। इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री मस्तू दास, सीडीओ देहरा दून श्री अभिनव शाह, सीडीओ चम्पावत श्री जीएस खाती, एडीएम चम्पावत श्रीमती मुक्ता मिश्र उपस्थित रहे।

# कार्यालय नगर पंचायत दिनेशपुर (ऊधम सिंह नगर)

e-mail : eodin-mb-uk@nic.in Phone - 05949-234605



नगर पंचायत दिनेशपुर की
ओर से
सभी क्षेत्रवासियों को
77वें गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनायें।



**मंजीत कौर**
अध्यक्षा
(नगर पंचायत दिनेशपुर)
ऊधम सिंह नगर

**मुहम्मद यामीन**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत दिनेशपुर
ऊधम सिंह नगर

पत्रांक : 717/आर.ओ./2025–26 दिनांक : 24.01.2026

## नगर पंचायत दिनेशपुर की समस्त क्षेत्रवासियों से अनुरोध

1. नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।
2. पंचायत करों एवं देयकों के साथ यूजर चार्ज का समय से भुगतान करें।
3. गीला एवं सूखा कूड़ा घर से ही अलग अलग दें।
4. नगर पंचायत सीमान्तर्गत सार्वजनिक मार्गों एवं नालियों पर अतिक्रमण ना करें।
5. प्रतिबन्धित सामग्री पश्चलीथीन तथा थर्माकोल से बने उत्पादों का प्रयोग/विक्रय/भण्डारण ना करें।
6. स्वच्छता कार्मिकों के साथ सहयोग करते हुए सुन्दर दिनेशपुर– स्वच्छ दिनेशपुर की परिकल्पना साकार करें।
7. स्वच्छ सर्वेक्षण की सफलता हेतु नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
8. सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकना व थूकना प्रतिबन्धित / दण्डनीय है।



राखाल मण्डल
सभासद वार्ड नं. 1

नित्यानंद मण्डल
सभासद वार्ड नं. 2

नारायण मण्डल
सभासद वार्ड नं. 3

सविता बैरागी
सभासद वार्ड नं. 4

शिउली मण्डल
सभासद वार्ड नं. 5



रीता गाईन
सभासद वार्ड नं. 6

रेखा
सभासद वार्ड नं. 7

सत्यजीत विश्वास
सभासद वार्ड नं. 8

संजय सरकार
सभासद वार्ड नं. 9


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र
दिवस
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विकास शर्मा
महापौर
नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)

# कात्यायनी मेडिकल सेंटर, रुद्रपुर

KMC

*Comprehensive Medical Care Services under one roof, dedicated to life...*

## हॉस्पिटल में उपलब्ध विभाग एवं चिकित्सक

**कार्डियोलॉजी**
डॉ. रश्मि ज़ेवियर
एम.बी.बी.एस., एम.डी., डी.एम.

**आब्सटेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट**
डॉ. पवन प्रीत गिल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.

**ऑपथैल्मोलॉजी**
डॉ. विल्सन जय ज़ेवियर
एम.बी.बी.एस., एम.एस.

**न्यूरो सर्जन**
डॉ. निधि यादव
एम.बी.बी.एस., एम.एस., एम.सी.एच.

**सीनियर लैप्रोस्कोपिक सर्जन**
डॉ. जे.एस. गिल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.

**गैस्ट्रोउटरोलॉजी सर्जन**
डॉ. सहाना बी.पी.
एम.बी.बी.एस., डीएम.बी., एम.सी.एस.

**ई.एन.टी. सर्जन**
डॉ. सिमरनदीप सिंह जठोल
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी., ई.एन.टी.

**रेस्पिरेटरी मेडिसन**
डॉ. मन्दीप सिंह
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी., एफ.सी.सी.एस., एम.एन.ए.एम.एस.
कन्सलटेन्ट, फिजिशियन,
टी.बी. एण्ड चेस्ट स्पेशलिस्ट

**पैथोलॉजी**
डॉ. अजय अरोरा
एम.बी.बी.एस., डी.एस.पी., पैथोलॉजी
(मैनेजिंग डायरेक्टर)

**डेंटल**
डॉ. अंकिता ग्रोवर अरोड़ा
बी.डी.एस.

**एनेस्थिसियोलॉजी एवं इंटेसिविस्ट**
डॉ. दीप चिलाना
एम.डी. एनस्थेटिस्ट

**पीडियाट्रिक एवं नियोनेटोलॉजी**
डॉ. पारस गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम.डी.

**ऑर्थोपेडिक्स**
डॉ. सौरभ अरोड़ा
एम.बी.बी.एस., एम.एस.

**डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन**
डॉ. मधु सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.डी. इंटरनल मेडिसिन

**पैथोलॉजी**
डॉ. उपासना चाचरा अरोड़ा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट)

**रेडियोडायग्रोसिस**
डॉ. नितिन कुमार
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (रेडियोलॉजिस्ट)

## कैशलेस TPA एवं आयुष्मान कार्ड द्वारा मुफ्त में इलाज की सुविधा

किच्छा रोड, बिगवाड़ा, रुद्रपुर, ऊ.सिं.नगर, उत्तराखण्ड-263153 सम्पर्क करें - मो0 9540022100, 7900300013, 9259538443, 9259538442


## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बारिश और बर्फबारी

आमतौर पर तापमान में थोड़े उतार–चढ़ाव को मौसम के लिहाज से एक सामान्य स्थिति माना जाता है, लेकिन इस वर्ष हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी में जिस तरह की देरी देखी गई, उस पर स्वाभाविक ही पर्यावरणविदों का ध्यान गया है। हालांकि अब पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और बारिश हुई है और इसकी वजह से देश के मैदानी क्षेत्रों में भी तापमान में गिरावट की संभावना जताई गई है।मगर इस वर्ष पहाड़ी राज्यों में जिस तरह मौसम के मिजाज में बदलाव देखा गया, बर्फबारी की सामान्य अवधि में देरी हुई, उसका सीधा संकेत यही था कि अब जलवायु परिवर्तन का असर प्रत्यक्ष रूप में सामने आने लगा है।दरअसल, लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में वर्ष का पहला हिमपात हुआ। इसी तरह हिमाचल प्रदेश के शिमला और कश्मीर में भी उम्मीद के मुकाबले करीब दो महीनों की देरी के बाद पहली बर्फबारी हुई। इसकी वजह से कड़ाके की ठंड अपने ज्यादा असर के साथ वापस लौट आई।हिमालयी प्रदेशों में आमतौर पर नवंबर–दिसंबर में इस तरह के मौसम की संभावना होती है। इसे एक सामान्य चक्र माना जाता है, जिसके असर से दिल्ली और उत्तर भारत के राज्यों में ठंड बढ़ती है। मगर इस बार अब जाकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और कश्मीर में बर्फबारी हुई है और इसके मद्देनजर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली सहित उत्तर–पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों के न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री गिरावट होने की संभावना जताई है। अगर इसके पीछे वजहें प्राकृतिक हों, तो यह ज्यादा चिंता की बात नहीं होती। मगर इससे इतर इस बार जिस तरह हिमालय के बड़े इलाके में बर्फबारी में दर्ज करने वाली गिरावट या कमी देखी गई, उससे साफ है कि वैश्विक ताप के नतीजे अब अपने व्यापक रूप में सामने आने लगे हैं। ऐसे अनेक आकलन आ चुके हैं, जिनके मुताबिक सदियों से भारत के जलवायु चक्र का आधार माने जाने वाला हिमालय आज एक चिंताजनक संकट से गुजर रहा है। पिछले कुछ वर्षों से हिमालय क्षेत्र में सर्दी के मौसम में भी औसत से काफी कम बर्फबारी हो रही है। खासतौर पर जिस मौसम में पहाड़ों को बर्फ से आच्छादित देखा जाता था, उस दौरान भी अब असामान्य रूप से बर्फबारी में देरी हो रही है।

# भगत सिंह कोश्यारी को मिलेगा पद्म भूषण सम्मान

बागेश्वर। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को वर्ष 2026 के लिए पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा भारत सरकार ने की है। यह घोषणा गणतंत्र दिवस 2026 की पूर्व संध्या पर की गई। सार्वजनिक जीवन में उनके दीर्घकालीन योगदान को देखते हुए उन्हें यह प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान प्रदान किया जाएगा। भगत सिंह कोश्यारी को पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा। पद्म भूषण भारत का तीसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। शिक्षा, राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव और सेवाओं के लिए उन्हें यह सम्मान दिए जाने की घोषणा की गई है। पद्म भूषण की घोषणा के बाद कपकोट क्षेत्र से लेकर उनके पैतृक गांव नामती चेटाबगड़ में हर्ष का माहौल है। गांव निवासी नारायण सिंह कोश्यारी ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को यह सम्मान



मिलने से एक बार फिर गांव गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि भगतदा को अपनी माटी से गहरा लगाव है और वह आज भी गांव में समय बिताते हैं।विधायक सुरेश गढ़िया, दर्जा राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय, शिव सिंह बिष्ट सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों ने खुशी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान पूरे उत्तराखंड के लिए गर्व की बात है। भगत सिंह कोश्यारी का जन्म 17 जून 1942, नामती चेताबागड़, बागेश्वर में हुआ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता महाराष्ट्र के राज्यपाल रह चुके हैं। वह गोवा के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल चुके हैं। छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहे कोश्यारी 1961 में अल्मोड़ा कॉलेज के छात्रसंघ महासचिव चुने गए। 1975 में आपातकाल का विरोध करने पर उन्हें करीब पौने दो वर्ष जेल में रहना पड़ा, जिससे उन्हें राष्ट्रीय पहचान मिली। उन्होंने अल्मोड़ा से प्रारंभिक शिक्षा और आगरा विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में अध्ययन किया। आरएसएस से जुड़े कोश्यारी उत्तराखंड भाजपा के पहले प्रदेश अध्यक्ष तथा भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव भी रहे। उत्तराखंड राज्य गठन के बाद वे कैबिनेट मंत्री बने और 30 अक्टूबर 2001 से 1 मार्च 2002 तक प्रदेश के दूसरे मुख्यमंत्री रहे। 2002 से 2007 तक विधानसभा में नेता विपक्ष, 2007 से 2009 तक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रहे। 2008 से 2014 तक राज्यसभा तथा 2014 में नैनीताल से लोकसभा सांसद चुने गए। लंबे संगठनात्मक अनुभव के चलते उन्हें महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया।

# उत्तराखंड के नौ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रपति पदक

देहरादून। आईजी डॉ. योगेंद्र सिंह रावत और डॉ. सदानंद दाते समेत उत्तराखंड पुलिस के नौ अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रपति पदक दिए जाएंगे। इनमें से आईजी डॉ. रावत और डॉ. दाते को विशिष्ट सेवा के आधार पर पदक दिया जाएगा। इनमें डॉ. दाते का नाम सीबीआई कोटे से भेजा गया था। डॉ. दाते सात वर्ष तक केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान सीबीआई में तैनात रहे हैं। इनके अलावा सात अधिकारियों और कर्मचारियों को सराहनीय सेवा के आधार पर राष्ट्रपति पदक की घोषणा की गई है। इनमें दो फायर सर्विस के कर्मचारी भी शामिल हैं। इन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को डीजीपी दीपम सेठ ने शुभकामनाएं दी हैं। इन्हें मिलेगा सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक : प्रबोध कुमार घिल्डियाल, डीएसपी, रुद्रप्रयाग। शिवराज सिंह, डीएसपी, चम्पावत। ज्योति चौहान, इंस्पेक्टर विजिलेंस, सेक्टर देहरादून। सुभाष चन्द्र, इंस्पेक्टर इंटेलीजेंस, साजिद अली, एएसआई, पुलिस मुख्यालय। फायर सर्विस से गिरीश चंद्र लोहानी, लीडिंग फायरमैन, देहरादून। मुकेश कुमार पोखरियाल, लीडिंग फायरमैन, देहरादून। दो सिविल डिफेंस वार्डनों को राष्ट्रपति पदक– मीना मोहन शर्मा, सेक्टर वार्डन और रविंद्र मोहन काला, डिप्टी डिविजनल वार्डन।

# जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता

## प्रभारी मंत्री गणेश जोशी की अध्यक्षता में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर का 2260 लोगों ने लिया लाभ





रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के अंतर्गत रविवार को जनपद प्रभारी/मंत्री कृषि ,ग्राम्य विकास, सैनिक कल्याण गणेश जोशी की अध्यक्षता में न्याय पंचायत बिगवाड़ा के राजकीय इंटर कॉलेज बागवाला में भव्य बहुद्देशीय शिविर आयोजित हुआ ।मुख्य अतिथि जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए शिविर में प्राप्त शिकायतों व समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाये। उन्होंने अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र व्यक्तियों को शत–प्रतिशत लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आपके द्वारा चुनी धामी सरकार आप ही के द्वार पर आकर आपकी समस्याओं का समाधान करने आ रही है इसलिए शिविरों का जागरुक होकर अधिक से अधिक लाभ उठाएं। जन जन के द्वार शिविर लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने व समस्याओं का समाधान करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा जन जन की सरकार शिविरो में अभी तक पूरे प्रदेश में 04 लाख 92 हजार से अधिक जनता ने लाभ उठाया है।उन्होंने कहा आज शिविर में 48 शिकायतें प्राप्त हुए हैं जिसमें से 39 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। उन्होंने कहा हमारे सभी अधिकारी तत्परता से कार्य कर रहे हैं इसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी व पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा अभी तक 01 लाख 20 हजार से अधिक लखपति दीदी बन गई है तथा सरकार सब्जी,फलोत्पादन, श्रीअन्न उत्पादन पर कार्य कर रही है। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा,ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम ने कहा जन समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है इसलिए सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में जन जन की सरकार जन जन के द्वार अभियान चलाकर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिनमें जनता की समस्याओं का उनके द्वार जाकर समाधान किया जा रहा है ताकि जनता को विभागीय कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचना डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने जनता से जागरूक होकर जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।शिविर में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मौके पर आवेदन प्राप्त कर पंजीकरण किए गए व अनेक पात्र लाभार्थियों को तत्काल लाभान्वित भी किया गया। शिविर में अतिथियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, टूल किट, व्हील चेयर, महालक्ष्मी किट, जॉब कार्ड व प्रमाण पत्र वितरित किए गए व पौधा रोपण किया गया तथा स्टालों का निरीक्षण भी किया।शिविर में 24 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारियां दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क जाँच कर मरीजों को दवा भी वितरित की गई। शिविर में 2260 लोगों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में 49 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 39 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 951 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण,दावा वितरण, 40 आयुषमान कार्ड ,18 बच्चों का टीकाकरण किया गया। होम्योपैथिक द्वारा 103 ,आयुर्वेद यूनानी द्वारा 125 लोगों का स्वस्थ परीक्षण कर दावा वितरण किया गया। शिविर में 08 विभिन्न प्रमाण, 03 परिवार रजिस्टर नकल,15 मुख्यमंत्री महालक्ष्मी कीट,11 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई,05 बच्चों का अन्नप्राशन,06 पी एम मातृ वंदन योजना,15 स्वस्थ जांच 05 शादी अनुदान चेक,03 दिव्यांग व्हील चेयर, 05 श्रवण यंत्र, 15 विभिन्न पेंशन, शिक्षा विभाग द्वारा 06 छात्राओं को साइकिल चेक, कृषि विभाग द्वारा 31 लाभार्थियों को , 05 दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए। श्रम विभाग द्वारा 12 श्रम कार्ड बनाए,15 लाभार्थियों को टूल कीट व कंबल,पूर्ति विभाग द्वारा 43 लोगो को लाभांवित किया गया।शिविर में 42 आधार कार्ड अपग्रेड व नए बनाए गए,02 यूसीसी। सेवायोजन विभाग द्वारा 15 लोगों को,10 वनविभाग ,03 उद्योग,पंचायती राज द्वारा 05 पेंशन,02 मृत्यु प्रमाण 02 राशन कार्ड स्वीकृत,01 निरस्त,02 विधुत,21 रेशम,25 पूर्ति विभाग,39 डेरी,पशुपालन 405 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में प्रधान हरीश भट्ट ,मंदीप वर्मा, आशीष यादव,विनीत कुमार, सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर,प्रभारी मंत्री प्रतिनिधि जितेंद्र गौतम, उपाध्यक्ष अमित नारंग सहित अनेक जनप्रतिनिधि व सचिव नागरिक आपूर्ति आनन्द स्वरूप,जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ केके अग्रवाल,परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी,नोडल अधिकारी/युवा कल्याण अधिकारी बी एस रावत,मुख्य कृषि अधिकारी वी के एस यादव, मुख्य उद्यान अधिकारी एस के शर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ आशुतोष जोशी,मुख्य शिक्षा अधिकारी के एस रावत,सहायक निदेशक मत्स्य संजय छिमवाल,ईई सिंचाई बी एस डांगी, लघु सिंचाई सुशील कुमार, पेयजल सुनील जोशी, लोनिवि गजेन्द्र सिंह,विधुत उमाकांत चतुर्वेदी, जिला आयुर्वेद यूनानी अधिकारी डॉ आलोक शुक्ला,जिला होमियोपैथी अधिकारी डॉ महेश जोशी,समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी नंदिता तोमर, डीपीओ मुकुल चौधरी,जिला खेल अधिकारी जानकी कार्की, तहसीलदार दिनेश कुटोला,खंड विकास अधिकारी असित आनन्द,सेवायोजन अधिकारी राजेश दुर्गापाल तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# नकुलिया में नशे के खिलाफ जनक्रांति

सितारगंज। नगर के नकुलिया क्षेत्र में नशे के खिलाफ एक ऐतिहासिक और जनआंदोलन का रूप लेती विशाल जनसभा आयोजित की गई, जहाँ पूर्व विधायक नारायण पाल ने मंच से नशे के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष का ऐलान करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में शराब, स्मैक, अफीम, चरस और गांजा जैसे नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि नशा समाज को अंदर से खोखला कर रहा है और सबसे ज्यादा इसका दुष्प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ रहा है, जिससे परिवार उजड़ रहे हैं और क्षेत्र की सामाजिक संरचना कमजोर हो रही है। पूर्व विध



ायक ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि नशा मुक्त नकुलिया के संकल्प को जनआंदोलन बनाएं, अवैध शराब व नशा तस्करी की सूचना तुरंत प्रशासन को दें और इस अभियान में प्रशासन व जनप्रतिनिधियों का पूरा सहयोग करें। जनसभा में मौजूद मिथिलेश सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने एक स्वर में नशा मुक्त क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया और कहा कि शराब व नशे के कारण गरीबों के घर बर्बाद हो रहे हैं, इसलिए वे हर स्तर पर पूर्व विधायक नारायण पाल के साथ खड़े हैं और नशा बेचने वालों पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई की मांग करते हैं, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि नकुलिया की जनता अब नशे के खिलाफ आर–पार की लड़ाई के लिए पूरी तरह तैयार है।

# मतदाता जागरूकता के लिए खिलाड़ियों ने दौड़ाई साइकिल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन भदौरिया के निर्देशानुसार 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शहर में वृहद मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में रविवार को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों और नागरिकों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान की महत्ता बताई और जागरूक मतदाता बनने की अपील की।इस साइकिल प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 100 बालक एवं बालिकाओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। रैली के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया। प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में प्रथम छह–छह स्थान प्राप्त



करने वाले खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार भेंट किए गए। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत, तहसीलदार रुद्रपुर, दिनेश कुटोला सहित शिक्षा विभाग के अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही खेल विभाग के समस्त प्रशिक्षक हरीश राम, गुरतेज कूनर, लक्ष्मण सिंह, सतनामबाला, मनीष वर्मा, ममता मेहता, सुधा जोशी, मोहम्मद आमिर, विशाल, कमल सिंह एवं स्वीप कार्यक्रम से जुड़े अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# संतो के अपमान के खिलाफ कांग्रेसी बैठे उपवास पर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।माघ मेले, प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज सहित अनेक साधु-संतों एवं संन्यासियों के साथ हुई अमर्यादित एवं निंदनीय बदसलूकी के विरोध में महानगर कांग्रेस द्वारा विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में प्राचीन राम मंदिर, रामलीला मोहल्ला के प्रांगण में दो घंटे का मौन उपवास रखा गया। कांग्रेसजनों ने मौन उपवास कर सनातन धर्म, संत समाज एवं धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी आस्था और सम्मान प्रकट किया। मौन उपवास का समापन सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा के पाठ के साथ किया गया। विधायक सुमित ने कहा कि माघ मेले जैसे पावन आयोजन में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज सहित साधु-संतों के साथ हुई बदसलूकी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य है। संत समाज सदैव हमारे मार्गदर्शक रहे हैं और सनातन धर्म की आत्मा हैं। उनका अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मौन उपवास किसी राजनीतिक उद्देश्य के लिए नहीं, बल्कि सनातन धर्म की गरिमा, संत समाज के सम्मान और धार्मिक मूल्यों की रक्षा के लिए रखा गया है। कांग्रेस पार्टी हर धर्म का सम्मान करती है और सदैव आस्था, संस्कृति एवं भाईचारे की रक्षा के लिए जनता के साथ खड़ी रहेगी। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि संत-महात्माओं का अपमान न केवल सनातन संस्कृति का अपमान है, बल्कि यह देश की धार्मिक और



सांस्कृतिक विरासत पर भी आघात है। इस दौरान सभी ने एक स्वर से दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सहित भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने की बात कही।मौन उपवास मे पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल, हेमन्त बगड़वाल, एनबी गुणवंत, अवध विहारी शर्मा, नरेश अग्रवाल, जीवन कार्की, मलय बिष्ट, दीप पाठक, गोविंद बगड़वाल, शोभा बिष्ट, जया कर्नाटक, राजो टंडन, पार्षद नीमा भट्ट, पार्षद रवि जोशी, पार्षद मुकुल बलुटिया, पार्षद हेमन्त शर्मा, पार्षद हरगोविंद रावत, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन बिष्ट, हेमन्त साहू, डॉ केदार पलड़िया, संजू पाना, दिवेश तिवारी, संजू उप्रेती, कैलाश साह, गुरप्रीत प्रिंस, हरीश बलुटिया, जगमोहन बगड़वाल, अमित रावत, नितिन भट्ट, संदीप पांडे, गिरीश पांडे, पंडित मदन मोहन जोशी, पंडित विवेक शर्मा, सविता गुरुरानी, अल्का आर्य, गीता बहुगुणा, राधा आर्य, अनिता बिष्ट, सुमित कुमार, देवेंद्र नेगी, हेमन्त भाई बगड़वाल, रविन्द्र रावत, कार्तिक बिष्ट, हिमांशु जोशी, जीवन बिष्ट, उदित करायत, राम सिंह नगरकोटी, हरेंद्र क्वीरा आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेसजनों ने भगत सिंह चौक पर मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेसजनों ने भगत सिंह चौक पर गणतंत्र दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया। आजादी के इस पर्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनमें महानगर अध्यक्ष ममता रानी, मीना शर्मा, रामस्वरूप भारती, डॉ. अजय सिंह, गोपाल भसीन, फरीद मंसूरी, अशोक मंडल, उमा सरकार, शोभा उपाध्याय, बेबी सिकदर, मधु सिकदर, अनिल शर्मा, योगेश चौहान, सतीश राजपूत, बाबू विश्वकर्मा, देवेंद्र कुमार, नरेश सागर, पार्षद रितेश शर्मा, चिराग कालड़ा, इंद्रजीत सिंह, बाबू खान, संजीव राठौड़, अनुज दीक्षित, इंद्र रौतेला, नवीन खेतवाल, संजय अधिकारी, उमर खान, महिपाल कुमार, श्याम सुंदर, छत्रपाल, जमुना प्रसाद आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मना गणतंत्र दिवस

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। 26 जनवरी को द ऑक्सफोर्ड अकादमी में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य के एस नेगी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए सुबह से ही छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखने को मिला और सभी विद्यालय प्रांगण में एकत्रित हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति की सदस्या प्रीती पपनेजा एवं प्रधानाचार्य के एस नेगी द्वारा सामूहिक रूप से ध्वजारोहण कर किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित जनसमूह ने सस्वर राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का गायन किया। इस गौरवशाली अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, देश भक्ति गीतों और अन्य प्रस्तुतियों ने वहां मौजूद सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।समारोह



के अंत में प्रधानाचार्य के एस नेगी ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी को अपने देश की सेवा और उन्नति के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। यह दिन सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और उल्लासपूर्ण रहा। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सदस्य रोहताश बत्रा, वैभव बत्रा, अमित जिंदल और सुरेंद्र मिड्ढा ने भी देश के 77वें गणतंत्र दिवस पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# एस एस पब्लिक स्कूल में मना गणतंत्र दिवस

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर के एस एस पब्लिक स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष डी पी सिंह और प्रधानाचार्य परविंदर सिंह द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं महान शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत का गायन किया।इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। नर्सरी से यूकेजी तक के विद्यार्थियों ने 'ऐ वतन तेरे लिए', 'मां तुझे सलाम' और 'ये देश है वीर जवानों का' जैसे गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं कक्षा 3 से कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति पर आधारित नाटकों, ओजस्वी भाषणों और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देश की एकता और अखंडता



का संदेश दिया।प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने सभी अभिभावकों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए इस दिन के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे चहुंमुखी विकास कार्यों की चर्चा की और बच्चों को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार के सदस्यों के साथ ही बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस पर खटीमा के आनंद हॉपिस्टल में जुड़वा बच्चो के जन्म से गूंजी किलकारियां

**मशहूर महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ हिना ने करवाई सफल डिलीवरी**

खटीमा(उद संवाददाता) ।खटीमा के आनंद हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में आज 26 जनवरी के दिन हॉस्पिटल का आंगन किलकारियों से गूंज गया। खटीमा के कूटरी(चकरपुर) निवासी रवि के घर में आज के गणतंत्र दिवस को जीवन भर याद रखा जाएगा। परिजनों ने बताया कि आनंद हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर की महिला प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ हिना प्रकाश ने अल्ट्रासाउंड करने से पहले ही बता दिया था कि माँ के पेट में जुड़वा बच्चे होने का अंदेशा है , रवि ने बताया कि अल्ट्रासाउंड के बाद तो उन्होंने पक्का कर दिया कि पेट में जुड़वा बच्चे है। आज गणतंत्र दिवस



26 जनवरी के अवसर पर हुई डिलीवरी के बाद दोनों बच्चे और रवि की पत्नी निकिता पूर्ण रूप से स्वस्थ्य है।एक साल पहले ही अप्रेल माह हो वैवाहिक जीवन में प्रवेश हुए रवि ने बताया कि खटीमा के आनंद हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर की महिला प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ हिना प्रकाश एवं शिशु-बाल रोग विशेषज्ञ डॉ नरेश कुमार सहित सभी स्टाफ द्वारा डिलीवरी के समय किए गए उनके व्यवहार और सहयोग से वे काफी संतुष्ट है।उन्होंने बताया कि वे तो आनंद हॉस्पिटल में अपनी पत्नी को वैसे ही एक बार दिखाने कि लिए आए थे लेकीन इससे पहले वो खटीमा में दूसरे हॉस्पिटल में इलाज करवा रहे थे। आनंद हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर डॉ लोकेश यादव ने रवि को इस खुशी के अवसर पर सम्मानित भी किया गया है।

## पेज एक का शेष...

**गणतंत्र दिवस पर हर तरफ...**लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रदेश में जारी विभिन्न विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना सरकार की प्राथमिकता है। गणतंत्र दिवस के इस पावन पर्व पर राजभवन से लेकर मुख्यमंत्री आवास तक पूरा माहौल राष्ट्रभक्ति के नारों से गुंजायमान रहा। रूद्रपुर- देश के युवा वर्ग को खुद को देश सेवा और समाज के प्रति अपने दायित्वों को निभाने के लिए समर्पित कर देना चाहिए। यह बात प्रदेश के काबीना मंत्री व जनपद उधमसिंह नगर प्रभारी गणेश जोशी ने आज 77 वें गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाईन आयोजित कार्यक्रम में झंडारोहण करने के पश्चात सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें देते हुए अपने सम्बोधन में कही। उन्होंने कहा कि देश व राज्य का भविष्य युवा वर्ग के हाथों में ही बेहतर बन सकता है। उन्होंने कहा कि जहां देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व में अपनी विशेष पहचान बनाकर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो रहा है और आत्मनिर्भता की ओर तेजी से बढ़ रहा है तो वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अगुआई में प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कर आम जनता तक इसका लाभ पहुंचाया जा रहा है। श्री जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, आवास, सड़क, महिला सशक्तिकरण, चाय बागवान, पर्यटन, कृषि, उद्योग, आपदा आदि क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश का किसान विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर लगातार तरक्की कर रहा है। साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा भी पात्र किसानों के खातों में धनराशि भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि देवभूमि राज्य के खाद्य उत्पाद अपनी पौष्टिकता से देश विदेश में पहचान बना रहे है। वीबी रामजी ग्रामीण रोजगार योजना से किसान लाभान्वित हो रहे है। इससे पूर्व श्री जोशी का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर जिलाधिकारी नितिन भदौरिया व एएसएपी मणिकांत मिश्रा आदि ने स्वागत किया। काबीना मंत्री गणेश जोशी ने परेड़ की सलामी ली और रंगबिरंगे गुब्बारे उड़ाये। जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा मुख्य अतिथि को मार्चपास्ट कर सलामी दी गई। जिसमें सीपीयू, यातायात, अग्निशमन, पुलिस संचार, राज्य आपदा प्रतिवादन बल, बम निरोधक दस्ता आदि विभागों के जवान शामिल हुए। तत्पश्चात विभिन्न विभागों की झाकिंया प्रदर्शित की गई जिनमें कृषि, उद्यान, पशुपालन, स्वास्थ्य, महिला कल्याण एवं बाल विकास, समाज कल्याण, ग्राम्य विकास, मत्स्य, शिक्षा, डेयरी, ग्रामोद्योग,आंचल, अक्षय उर्जा, एआरटीओ, गन्ना, आपदा प्रबंधन आदि विभागों की झाकियां शामिल थीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट सेवाओं लिए अनेक पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को सम्मानित भी किया गया। जिनमें पुलिस अधीक्षक काशीपुर स्वपन किशोर सिंह, इंस्पेक्टर राजेश पांडे,उ.नि. जय प्रकाश,उ.नि. अकरम,उ. नि. सुनील पाठक, उ.नि. रीता चौहान,उ.नि. मुकेश मिश्रा, उपनिरीक्षक गोधन सिंह,अ. उ. मु. आरक्षी भुवन पाण्डेय, मु.आरक्षी भागीरथी जलाल, मु. आरक्षी नवनीत सिंह,मु. आरक्षी राजेश,फायरमैन चन्द्र प्रकाश, कांस्टेबल राहुल गोस्वामी, मुख्य आरक्षी स. पु. लीलाधर भट्ट, आर.के. सुरेंद्र कंबोज, मु. आरक्षी डॉली जोशी, आरक्षी राजेंद्र सिंह, आरक्षी उ. स.पु. विक्रांत,आरक्षी दिनेश कापड़ी, आरक्षी ना. पु. हरीश चंद्र पाण्डे, आरक्षी महेंद्र कुमार,चालक संजय मुरारी,जमाल, ग्राम पुलिसकर्मी देवेंद्र शर्मा शामिल है। इस मौके पर जिला अधिकारी नितिन भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा, एडीएम पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्रा, सीडीओ दिवेश शाशनी,एडीएम मनीष सिंह, सीएमओ डा. के.के. अग्रवाल, एएसपी उत्तम सिंह नेगी, निहारिका तौमर, दर्जा राज्य मंत्री फरजाना बेगम,उत्तम दत्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, अमित नारंग, विवेक सक्सेना, रश्मी रस्तोगी, तरूण दत्ता, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला सहित कई पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य अतिथियों के साथ भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।वहीं जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जिला कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया और तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनके आश्रितों को पुष्पमाला व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने देश के वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा, सशक्त और सार्वभौमिक संविधान है। हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के पालन पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारे देश का संविधान आज भी मजबूती से मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है और पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोए हुए है। जिलाधिकारी ने सभी से महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने और देश व समाज के हित में समर्पित भाव से कार्य करने की अपील की।वहीं विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा आचरण कार्यालय के भीतर और बाहर ऐसा होना चाहिए जिससे सरकार के प्रति जनता में अच्छी अवधारणा बने। उन्होंने टीम भावना के साथ काम करने पर बल देते हुए कहा कि एकजुट होकर कठिन से कठिन कार्य को भी आसानी से पूरा किया जा सकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने को कहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश कुटौला और जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**काशीपुर में भाजपा का ...**की भी विकट समस्या है। कई वार्डों में बिजली के खंभे तक नहीं हैं ,लोग लकड़ी को विद्युत पोल के रूप में इस्तेमाल करने को मजबूर हैं। नगर निगम कार्यालय में कमीशन खोरी का बोलबाला है और कमीशन के हिसाब से ही विकास कार्यों का आवंटन किया जा रहा है। ऐसे में भाजपा को समय रहते चेत जाना चाहिए, अन्यथा सत्ताइस वह में किन उपलब्धियों के सहारे काशीपुर की जनता के बीच जाएगी ?


**एसटीएफ के एमपी सिंह...**एक वर्ष में इनामी और हार्डकोर अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सटीक तकनीकी सूचनाएं और विश्वसनीय इनपुट एकत्र कर छह कुख्यात इनामी अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुँचाने में सफलता हासिल की। ये अपराधी लंबे समय से फरार चल रहे थे और पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बने हुए थे। एसटीएफ के इन दोनों अधिकारियों की इस उपलब्धि से विभाग में हर्ष का माहौल है और यह सम्मान कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ी प्रेरणा माना जा रहा है।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
मा. पुष्कर सिंह धामी
(मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड)
ठा. अश्वनी सिंह
समाजसेवी रूद्रपुर-किच्छा, मो0-9837067744


Columbus Public School
(Affiliated to C.B.S.E., New Delhi) Affln. No.: 3530120
77th
Happy
Republic Day
Our Constitution, Our Pride, Our Future.
- Dr. B. R. Ambedkar
January


क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
सतीश चुघ
चेयरमैन, नगर पंचायत, गूलरभोज
सम्पर्क सूत्र-9837355964


क्षेत्रवासियों
को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनायें
तरुण दुबे
नगर अध्यक्ष, भाजपा, गूलरभोज


गणतंत्र
दिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं
नरेश कुमार सेठ
समाजसेवी, रूद्रपुर


क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
HAPPY
Republic
Day
अजय तिवारी
अध्यक्ष, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधमसिंहनगर
एवं पूर्व प्रत्याशी किच्छा विधानसभा क्षेत्र


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
भारत भूषण चुघ
प्रदेश सह संयोजक, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ, उत्तराखण्ड